**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 20.11.2024**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**मुख्य समाचारः–**

1– मुख्यमंत्री ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री से की मुलाकात–विकास और सुरक्षा सहित अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा।

2– रायपुर से सिंगापुर और दुबई के लिए जल्द शुरू होगी सीधी उड़ान– नई दिल्ली में मुख्यमंत्री की केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से मुलाकात के दौरान बनी सहमति।

3– बिटकॉइन घोटाला मामले में ईडी ने आज रायपुर में साइबर एक्सपर्ट गौरव मेहता के घर पर छापा मारा।

4– नवा रायपुर में कल से ''सुशासन'' विषय पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री–केंद्रीय गृहमंत्री मुलाकात**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृहमंत्री को माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में चलाए जा रहे अभियानों और सुरक्षा बलों की कार्रवाई की प्रगति की जानकारी दी।

बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य सरकार द्वारा माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और केंद्र की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

**मुख्यमंत्री–नागरिक उड्डयन मंत्री**

अपने नई दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने आज केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का दर्जा देने की मांग की। बैठक में रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से सिंगापुर और दुबई के लिए सीधी उड़ान जल्द शुरू करने पर सहमति बनी। वहीं, राज्य की हवाई सुविधा को मजबूत करने और क्षेत्रीय हवाई अड्डों के विकास पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही रायपुर एयरपोर्ट पर कार्गो हब तथा रायपुर से पटना और रांची के लिए हवाई सेवा शुरू करने की सहमति मिली है।

बैठक में मुख्यमंत्री ने अंबिकापुर एयरपोर्ट को रायपुर, वाराणसी, प्रयागराज और अयोध्या जैसे प्रमुख शहरों से जोड़ने के लिए नई उड़ानों की भी मांग की। मुख्यमंत्री ने जगदलपुर से रायपुर के बीच बंद कर दी गई उड़ान सेवा को पुनः शुरू करने का आग्रह केंद्रीय मंत्री से किया।

**<u>न्यायाधीश–वर्चुअल शुभारंभ</u>**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने आज दंतेवाड़ा के जिला न्यायालय परिसर में पोस्ट ऑफिस और बीजापुर की जीएडी कॉलोनी में न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए नवनिर्मित आवासीय कॉलोनी का वर्चुअल रूप से उद्‌घाटन किया। कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति श्री सिन्हा ने कहा कि न्यायालयों में कार्य का स्वस्थ माहौल बनाए रखने के उद्देश्य से सभी जिलों में गुणवत्तायुक्त और सर्व–सुविधा संपन्न न्यायालय तथा आवासीय भवन उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।

**<u>ईडी–बिटकॉइन मामला</u>**

बिटकॉइन घोटाला मामले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय–ईडी के अधिकारियों ने आज रायपुर में साइबर एक्सपर्ट गौरव मेहता के घर पर छापा मारा है। जांच के दौरान अधिकारियों ने गौरव मेहता के दस्तावेजों सहित पूरे घर की तलाशी ली। जानकारी के अनुसार गौरव मेहता पुणे की एक कंसल्टेंसी कंपनी के लिए काम करते हैं। यह वही कंपनी है, जो अमित भारद्वाज के छह हजार छह सौ करोड़ रूपये के क्रिप्टोकरेंसी घोटाले की जांच में पुणे पुलिस को मदद कर रही है। आरोप है कि सुप्रिया सुले और नाना पटोले ने गौरव मेहता से संपर्क किया था और चुनाव में उपयोग के लिए बिटकॉइन के बदले नकद राशि की मांग की थी। इस मामले में गौरव ने खुद के पास बिटकॉइन वॉलेट होने की जानकारी दी थी। इसके बाद से ही ईडी के अधिकारी इस मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

**<u>रायगढ़ मेडिकल कॉलेज–पाठ्‌यक्रम</u>**

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने रायगढ़ के स्वर्गीय लखीराम मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज में पीजी के तीन नये पाठ्‌यक्रमों को मंजूरी दे दी है। विभाग द्वारा इस संबंध में इशेंसियेलिटी सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया है। नए कोर्स में एम.एस. जनरल सर्जरी के लिए सात सीट, एम.डी.पीडियाट्रिक्स के लिए चार और एम.डी.जनरल मेडिसिन के लिए पांच सीटों की अनुमति प्रदान की गई है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि सीटों में वृद्धि से एमबीबीएस पास करने वाले मेडिकल छात्रों को राज्य में ही उच्च शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिलेगा।

**भाजपा–बैठक**

सदस्यता अभियान की समीक्षा के लिए आज रायपुर स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और संगठन महामंत्री पवन साय शामिल हुए। बैठक में सदस्यता अभियान की समीक्षा के साथ ही संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा हुई।

**प्रधानमंत्री आवास योजना**

प्रधानमंत्री आवास योजना के आज आठ वर्ष पूरे हो गए हैं। इस दौरान छत्तीसगढ़ में इस योजना के तहत किए गए निर्माण कार्यों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि गरीबों और जरूरतमंद लोगों के पास उनका खुद का पक्का आवास हो, इस उद्देश्य को लेकर शुरू की गई इस योजना ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अब तक चार करोड़ से अधिक परिवारों को पीएम आवास मिलना इस योजना की शानदार उपलब्धि को दर्शाता है।

**सुशासन–क्षेत्रीय सम्मेलन**

नवा रायपुर में **"सुशासन"** विषय पर कल से दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन केन्द्र सरकार के प्रशासनिक सुधार, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से किया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय संगठनों को लोक प्रशासन में नवाचारों, जीवन की गुणवत्ता में सुधार, सुशासन, ई–गवर्नेंस और डिजिटल गवर्नेंस के लिए भविष्य के सार्वजनिक समाधान में अनुभव साझा करने के लिए एक मंच पर लाना है।

सम्मेलन के समापन सत्र को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर पांच सत्र आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन में देशभर से डेढ़ सौ प्रतिनिधि शामिल होंगे।

**<u>हमारा शौचालय–हमारा सम्मान अभियान</u>**

स्वच्छ भारत मिशन के तहत कल से देशभर में ''हमारा शौचालय–हमारा सम्मान'' अभियान की शुरूआत की गई है। दस दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत प्रदेश में भी स्वच्छता और शौचालय की उपयोगिता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान को लेकर कोरिया जिले की कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने स्वच्छ भारत मिशन की प्रबंध समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि महिलाओं और बुजुर्गों की सुविधा के लिए शौचालय का निर्माण सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। बैठक में निर्णय लिया गया कि व्यक्तिगत, सामुदायिक, ब्लॉक और जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ शौचालय निर्माण को लेकर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

**<u>जीएसटी विभाग–छापा</u>**

स्टेट जीएसटी विभाग की टीम ने अरविंद कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर कंपनी के ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की है। यह कार्रवाई रायपुर के पिरदा रोड स्थित जोरा और भानुप्रतापपुर में की गई। स्टेट जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर के नेतृत्व में सात सदस्यीय टीम कंपनी के दस्तावेजों की जांच कर रही है। विभाग को कंपनी में बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी और फर्जी बिल जारी करने की शिकायतें मिली थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

**<u>दुर्ग–ऑनलाइन ठगी</u>**

दुर्ग के मेडिकल स्टोर संचालक के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित के साथ ब्यूटी प्रोडक्ट कंपनी में निवेश के बाद अच्छा रिटर्न दिलाने के नाम पर तीन लाख रूपये की ठगी की गई है। ठग ने मेडिकल स्टोर संचालक से बीते पंद्रह से तीस अगस्त के बीच व्हाट्सअप के जरिये संपर्क कर ब्यूटी प्रोडक्ट कंपनी में पैसा इनवेस्ट करने का झांसा दिया, जिस पर पीड़ित ने अलग–अलग बैंक खातों में सैंतालीस बार भुगतान किया। तीस अगस्त को कंपनी का ऐप खुलना बंद हो गया, जिसके बाद पीड़ित को अपने साथ ठगी होने का एहसास हुआ। इसके बाद पीड़ित ने **एक नौ तीन शून्य** पर फोन कर ऑनलाइन ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। दुर्ग रेंज की सायबर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

## मौसम

उत्तर से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं के कारण प्रदेश के न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। सरगुजा और बिलासपुर संभाग के कुछ जिलों में शीतलहर जैसी स्थिति बने रहने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि पच्चीस नवंबर से दक्षिण छत्तीसगढ में न्यूनतम तापमान में वृद्धि संभावित है।

## संक्षिप्त समाचार

– दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग रेलवे स्टेशनों को 'ईट राईट' स्टेशन का खिताब मिला है।

– छत्तीसगढ़ मानवाधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष गिरिधारी नायक ने आज मुंगेली जिला जेल, अस्पताल, थाना, शाला भवन, वृद्धाश्रम, बाल संरक्षण गृह और शासकीय प्री–मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास का अवलोकन किया।

– भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने कल जगदलपुर विधानसभा के दरभा मंडल में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

– दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक कार्यक्रम के अंतर्गत तेईस शिक्षकों को सम्मानित किया।

– एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मछलीपालन विभाग के संयुक्त संचालक देवकुमार सिंह को रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है।

– रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में आज दो हजार से अधिक बच्चों का स्वर्णप्राशन कराया गया। बच्चों में इम्युनिटी बढ़ाने के लिए करीब साढ़े तीन सौ बच्चों को बाल रक्षा किट भी वितरित किए गए।

– कोरबा जिले में अंबिकापुर–बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुतर्रा–रापाखरा पुल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

– कोरबा जिले में परिवहन विभाग ने राखड़ का परिवहन करते हुए डेढ़ सौ भारी वाहनों और बिना परमिट के चल रही इंक्यावन यात्री बसों पर कारवाई करते हुए करीब तेरह लाख रुपए का जुर्माना वसूला है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>